देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 155 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

# पेज थ्री

देहरादून, रविवार, 24 सितंबर 2023

**विचार–प्रवाह...**
सवाल किया जाना
पसंद नहीं





मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 23.0°

66009.15

2 पीओके को खाली करे पाकिस्तान

7 भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा वनडे आज

# जो खेलेगा, वही खिलेगाः पीएम

## प्रधानमंत्री मोदी ने काशी को 1565 करोड़ की विकास परियोजनाओं की दी सौगात

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

वाराणसीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उत्तर प्रदेश के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को 1565 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी है। पीएम सबसे पहले गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस दौरान बीसीसीआई के चीफ रोजर बिन्नी समेत कई पूर्व क्रिकेटर मौजूद रहे। इसके बाद सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में करीब पांच हजार से अधिक महिलाओं से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पीएम मोदी की अगवानी के साथ सभी कार्यक्रमों में मौजूद दिख रहे। पीएम मोदी राजातालाब गंजारी पहुंचकर 450 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ में बनने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की आधारशिला रखी। इस दौरान 1983 क्रिकेट विश्वकप के विजेता खिलाड़ियों और अन्य नामचीन क्रिकेट के खिलाड़ी भी मौजूद रहे।



लगभग 30 हजार क्षमता वाले स्टेडियम की वास्तुशैली काशी और सनातन धर्म के अनुकूल होगी, जिसमें भगवान शिव की महिमा दिखेगी। अर्धचंद्राकार छत, त्रिशूल के आकार की फ्लड–लाइट, घाट की सीढ़ियों पर आधारित बैठने की व्यवस्था, बिल्डिंग पर बिल्विपत्र के आकार की धातु की चादरों के डिजाइन विकसित किए गए हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि जब खेल का इंफ्रास्ट्रक्चर बनता है, इतना बड़ा स्टेडियम बनता है तो सिर्फ खेल ही नहीं स्थानीय अर्थव्यावस्था पर भी उसका सकारात्मक असर होता है। पीएम मोदी ने बताया कि अब समय बदला है, समाज की सोच बदली है। माता–पिता भी अब खेल को लेकर गंभीर हो गए हैं। आज सब जानते हैं कि जो खेलेगा, वही खिलेगा।

पीएम मोदी ने कहा कि महादेव की नगरी का ये स्टेडियम स्वयं महादेव को समर्पित है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम से खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल होगा, साथ ही भारत को भी अव्वल दर्जे के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मिलेंगे. वहीं पीएम मोदी ने कहा कि आज क्रिकेट के जरिए दुनिया भारत से जुड़ रही है. नए नए देश क्रिकेट खेलने के लिए आगे आ रहे हैं. जाहिर है कि आने वाले दिनों में क्रिकेट मैचों की संख्या बढ़ने वाली है. जब मैचों की संख्या बढ़ेगी तो नए स्टेडियमों की जरूरत भी पड़ेगी. तब बनारस का ये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इस डिमांड को पूरा करेगा. ये पूरे पूर्वांचल का चमकता हुआ सितारा बनने वाला है।

### माताओं बहनों की शक्ति ही मेरा सुरक्षा कवच

नारी शक्ति वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि नारी का नेतृत्व बाकी दुनिया के लिए एक आधुनिक व्यवस्था हो सकती है. लेकिन हम तो महादेव से पहले मां पार्वती और मां गंगा को प्रणाम करने वाले लोग हैं. आज महिलाएं राफेल उड़ा रही हैं. हालांकि कुछ लोगों को वंदन शब्द से परेशानी है. हम माताओं बहनों का वंदन नहीं करेंगे तो क्या करेंगे। हमें नकारात्मक सोच को हटाते हुए अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना होगा। माताओं बहनों की शक्ति ही मेरा सुरक्षा कवच है।

### अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत 16 स्कूलों का किया उद्घाटन

वाराणसी में पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के 18 जिलों में अटल आवासीय विद्यालय योजना के तहत 16 स्कूलों का उद्घाटन किया. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि बाबा के सम्मान से काशी का सम्मान नित नई उंचाईयों को छू रहा है. जी20 बैठक में जो भी काशी की विशेष चर्चा रही, काशी की सेवा, स्वाद, संस्कृति को विदेशी मेहमान अपने साथ लेकर गया है. बाबा के कृपा से काशी अब विकास के ऐसे आयाम गढ़ रही है वो अभूतपूर्व है. आज मैंने बनारस में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम का उद्घाटन किया है, 2014 में जब मैं काशी आया। मेरे काशी के विकास का सपना धीरे धीरे साकार हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम के नेतृत्व में एक डेलिगेशन 25 से 28 सितंबर तक ब्रिटेन दौरे पर रहेगा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का एक डेलिगेशन आगामी 25 सितंबर से 28 सितंबर तक ब्रिटेन दौरे पर रहेगा। राज्य सरकार का डेलिगेशन लंदन और बर्मिघम में बड़े बिजनेस हाउसेस से बैठक कर उन्हें आगामी दिसंबर में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए आमंत्रित करेगा।

### एक देश एक चुनाव पर राजनीतिक दलों की भी ली जाएगी राय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में लोकसभा, विधानसभा और नगरीय निकायों सहित दूसरे सभी चुनावों को एक साथ कराने की संभावनाओं को तलाशने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अगुवाई में गठित उच्चस्तरीय कमेटी ने शनिवार को अपनी पहली बैठक की है। जिसमें इसके रोडमैप पर चर्चा हुई। साथ ही फैसला लिया गया कि सबसे पहले इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों की राय ली जाए।

# हमारी सरकार आई तो महिला आरक्षण तत्काल लागू होगा

## राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर बोला हमला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सीएम गहलोत के साथ राजस्थान में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर विधानसभा चुनाव अभियान का प्रचार शुरू कर दिया है। इस दौरान कांग्रेस ने वादा किया कि केंद्र में यदि हमारी सरकार आती है तो तत्काल महिला आरक्षण लागू किया जाएगा।

राहुल गांधी ने जयपुर के कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वह इंडिया का नाम बदलकर भारत करना चाहती थी, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया गया था, लेकिन इसे रोककर महिला आरक्षण का बिल ले आए। तो पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन किया। हम तो ये चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो, लेकिन भाजपा दस साल बाद इसे लागू करना चाहती है। राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना पर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। राहुल बोले कि मोदी ओबीसी वर्ग को भागीदारी देना चाहते हैं, लेकिन जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे हैं? राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि बीजेपी वाले वोट मांगने आएं तो पूछना कि केंद्र सरकार जातिगत जनगणना क्यों नहीं करवा रही है?

राहुल गांधी ने कहा कि यहां हजारों बब्बर शेर यहां बैठे हुए हैं। ये नफरत का बाजार नहीं है, मोहब्बत की दुकान हैं। ये फर्क है भाजपा और कांग्रेस में, हमारे बीच विचार धारा की लड़ाई चल रही है। कुछ दिन पहले पहले संदन में अदाणीजी वाला भाषण दे दिए, उनकी आदत है पहले जब मैं बोलता था तो माइक बंद कर देते थे, अब टीवी ही बंद कर देते हैं।

### हम सबको मिलकर काम करना हैः खरगे

खरगे ने कहा कि हम सिर्फ भाजपा के खिलाफ नहीं लड़ रहे। हम ईडी, सीबीआई और तमाम एजेंसियां लगा देते हैं। हमारी सभा होती है तो ईडी का छापा पड़ जाता है। और फिर भाजपा वाले कहते हैं कि हम सविधान से चल रहे हैं। खरगे ने कहा कि हम सबको मिलकर काम करना है और प्रदेश में सरकार को रिपीट कराना है।

# हांगझोउ में हुआ 19वें एशियाई खेल का उद्घाटन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। एशियन गेम्स 2023 आधिकारिक तौर पर शनिवार को चीन के हांगझोऊ में आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ शुरू हो गया है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने हांगझोउ में 19वें एशियाई खेलों के शुरु होने की घोषणा की। चीन के होंगझोऊ में एशियाई खेल 2023 का उद्घाटन समारोह शनिवार को भारतीय समयानुसार शाम साढ़े पांच बजे से शुरू हुआ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। एशियाई खेल में भारत के 655 एथलीट 39 खेलों में हिस्सा लेंगे। एशियाई खेलों में 45 देशों के एथलीट अलग–अलग खेलों में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे हैं।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ध्वजवाहक की भूमिका निभाई। दोनों ने परेड में भारतीय दल की अगुआई की। परेड की शुरुआत करने वाला पहला देश अफगानिस्तान था, उसके बाद बहरीन, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई दारुस्सलाम, कंबोडिया, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, हांगकांग, चीन, भारत, इंडोनेशिया, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, इराक थे।

### शुभारंभ

■हरमनप्रीत सिंह और लवलिना ने किया भारत का नेतृत्व

### 655 खिलाड़ियों के सबसे बड़े दल के साथ पहुंचा भारत

भारत हांगझोउ में 39 स्पर्धाओं के लिए 655 खिलाड़ियों के सबसे बड़े दल के साथ पहुंचा है और उसकी कोशिश इंडोनेशिया 2018 में जीते गए 70 पदकों (16 स्वर्ण, 23 रजत और 31 कांस्य) से बेहतर 100 पदक जीतकर बेहतर प्रदर्शन करने पर जोर रहेगा ताकि वह दुनिया को दिखा सके कि टोक्यो ओलंपिक 2021 में ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद से देश में खेल ने किस तरह से तेजी से बदलाव आया है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आतंकी पन्नू के खिलाफ एनआईए का एक्शन

### चंडीगढ़ व अमृतसर घर पर की छापेमारीय संपत्ति जब्त कर लगाए नोटिस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चंडीगढ़। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने खालिस्तानी आतंकी और सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू पर बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने पन्नू के चंडीगढ़ के सेक्टर 15 स्थित आवास पर छापेमारी की है। वहीं, उन्होंने हरदीप सिंह निज्जर की भी संपत्ति को जब्त कर लिया है।

वहीं, उसके घर को सील कर दिया गया है। साथ ही एजेंसी ने पन्नू के घर की दीवार के बाहर संपत्ति जब्ती का नोटिस भी चिपकाया दिया है। इस कोठी में पन्नू का 1/4 हिस्सा है। जांच एजेंसी ने पन्नू का 1/4 हिस्सा अटैच किया है। गुरपतवंत सिंह पन्नू के कई संपत्तियों मालिक है। उसकी अमृतसर में भी जमीन है। इसी कड़ी में जांच एजेंसी ने पन्नू के अमृतसर के खानकोट स्थित 46 कनाल खेतीबाड़ी वाली जमीन पर भी धावा बोला है और वह जमीन जब्त कर ली है।

खालिस्तान आंतकी गुरपतवंत पन्नू ने भारतीय मूल के हिंदुओं का धमकी दी थी। इसके साथ ही, उनसे देश छोड़ने के लिए भी कहा था।

# निज्जर प्लंबर, तो लादेन भी तो इंजिनियर था...

**आरोप** पेंटागन के पूर्व अफसर ने निकाल दी जस्टिन ट्रूडो के दावों की हवा



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया है कि आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारतीय एजेंट्स ने की है। जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। दोनों देशों ने एक दूसरे के राजनयिकों को देश से निष्कासित कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम पर अमेरिका के खुफिया विभाग पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा है कि अगर अमेरिका को कनाडा और भारत में से किसी को चुनना हो तो निश्चित तौर पर हम भारत को चुनेंगे। क्योंकि भारत के साथ संबंध रणनीतिक रूप से कनाडा से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।

उन्होंने इतना तक कह दिया कि दोनों देशों के बीच लड़ाई हाथी और चीटी जैसी है। भारत से विवाद के बीच कनाडा में एक सर्वे जारी हुआ है, जिसके मुताबिक ट्रूडो प्रधानमंत्री पद के लिए अब दूसरे नंबर के दावेदार हैं। पहले नंबर पर इस समय विपक्ष के नेता पियरे पोइलीवरे हैं। इसे लेकर माइकल रुबिन ने कहा कि अब ट्रूडो लंबे समय तक प्रधानमंत्री नहीं रहने वाले। अगर अमेरिका से रिश्ते तनावपूर्ण होते हैं तो उनके जाने के बाद फिर सही हो जाएंगे।

**हम भारत को चुनेंगेः** उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पीएम ट्रूडो ने बड़ी गलती की है। उन्होंने जो आरोप लगाए हैं, उसका समर्थन करने के लिए उन्होंने कोई सबूत नहीं दिए हैं। उन्हें अब इस बात को बताना होगा कि सरकार एक आतंकी को पनाह क्यों दे रही है।

खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर भारत का वांटेड था। 18 जून को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारे के पार्किंग में इसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा, हमें दो दोस्तों में से एक को चुनना पड़ा तो भारत को चुनेंगे, क्योंकि भारत के साथ रिश्ते महत्वपूर्ण हैं और निज्जर एक आतंकी था।

**हाथी और चीटी की लड़ाईः** माइकल रुबिन अमेरिकन एंटरप्राइज इंस्टीट्यूट के फेलो भी हैं। वह ईरान, तुर्की और दक्षिण एशिया मामले के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने कहा, ३प्रधानमंत्री ट्रूडो ने जब यह मुद्दा उठाया तो समझा नहीं पाए कि उनका क्या मतलब है। हमें खुद को बेवकूफ नहीं बनाना चाहिए। निज्जर सिर्फ एक प्लंबर नहीं था। अगर था तो उसी तरह जैसे ओसामा बिन लादेन एक इंजीनियर था।

निज्जर के हाथ खून से रंगे थे। उन्होंने आगे कहा कि, ३भारत की तुलना में यह कनाडा के लिए बड़ा खतरा है। यह लड़ाई हाथी और चीटी की तरह है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। अमेरिका के लिए चीन और हिंद महासागर के मुद्दे पर वह कनाडा से ज्यादा महत्व रखता है।

## न्यूज डायरी




### चीन ने पाकिस्तान को लगाया चूना, पावर प्लांट में घटिया कोयले का किया इस्तेमाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नेशनल इलेक्ट्रिक पावर रेगुलेटरी अथॉरिटी (नेप्रा) ने चीनी बिजली कंपनियों के बहुत बड़े हेराफेरी का भंडाफोड़ किया है। दरअसल, पाकिस्तान में कोयले से बिजली उत्पादन कपने वाली चीनी कंपनियां 6,000 (सीवी) के कैलोरी मान वाले कोयले का इस्तेमाल करने के वादे के बावजूद घटिया स्तर वाले आयातित कोयले का उपयोग कर रही हैं। इससे बिजली उत्पादन को कम हो ही रहा है, लेकिन पाकिस्तान को हाई क्वालिटी के कोयले का पैसा भरना पड़ रहा है। नेप्रा ने कहा कि बाहर से मंगाई जा रही एक भी कोयले की खेप आवश्यक मानकों को पूरा नहीं करती है। इसके बावजूद चीनी कंपनियां बिजली के नाम पर पाकिस्तान से अरबों रुपये का दावा कर रही हैं, जो जनता से वसूला जा रहा है। यह खुलासा मौजूदा तंत्र की समीक्षा क लिए नेप्रा की एक सार्वजनिक सुनवाई के दौरान हुआ। इसे आखिरी बार 2016 में संशोधित किया गया था। यह तंत्र विभिन्न कोयले की उत्पत्ति और ताप मूल्यों के एक निश्चित बेंचमार्क वेटेज पर आधारित है।

### गोल्फ बॉल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, पांच लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बीजिंग। दक्षिणी ताइवान में एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें कई लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक, गोल्फ बॉल फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई, जिसके बाद हुए विस्फोट में लगभग पांच लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हो गए। हालांकि, अब भी पांच लोगों की कोई जानकारी नहीं मिली है। पिंगटुंग काउंटी की फैक्ट्री में रात आग लगी और रात भर भड़कती रही। अधिकारियों ने कहा कि बचावकर्मी अभी भी चार फैक्ट्री कर्मचारियों और एक अग्निशामक की तलाश कर रहे हैं, जिनका कोई पता नहीं चल पाया है। साथ ही, 100 से अधिक घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। पिंगटुंग काउंटी के मजिस्ट्रेट चाउ चुन-मील ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, आग लगने के कारण की जांच की जा रही है। अंत्येष्टि गृह का दौरा करने और पीड़ितों के परिवारों से मिलने के बाद उन्होंने पोस्ट में कहा, ३रिवार के सदस्यों के दुख को देखने के बाद मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करने के अलावा कुछ नहीं कह सकती। अधिकारियों ने कहा कि इस घटना के दौरान प्राकृतिक गैस के संपर्क में आने के कारण विस्फोट हुआ और इसी कारण विस्फोट हुआ। फिलहाल, आग पर काबू पा लिया गया है।

### देश में बढ़ती बंदूक हिंसा के बीच बाइडन सरकार ने उठाया बड़ा कदम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव से पहले उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। दरअसल, 58 वर्षीय डेमोक्रेट गन वायलेंस प्रिवेंशन के नए व्हाइट हाउस कार्यालय का नेतृत्व करेंगी, जो इस मुद्दे पर समन्वय प्रदान करेगा। हालांकि, ऐसे देश में इस संकट से निपटने के लिए किसी भी प्रकार की प्रवर्तनीय शक्ति का अभाव है और यहां लोगों की तुलना में अधिक हथियार हैं। हैरिस ने नए कार्यालय की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा, हम जानते हैं कि अगर लोग सुरक्षित नहीं हैं तो सच्ची स्वतंत्रता संभव नहीं है। उन्होंने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा, हमारे पास न तो एक क्षण है और न ही कोई जीवन है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका बंदूकी हिंसा से टूटा हुआ है। इस दौरान हैरिस ने नए कार्यालय की घोषणा करते हुए एक बयान में कहा, हम जानते हैं कि अगर लोग सुरक्षित नहीं हैं, तो सच्ची स्वतंत्रता संभव नहीं है।

### रूस के काला सागर बेड़े के मुख्यालय पर यूक्रेनी मिसाइल हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सेवस्तोपोल। यूक्रेन ने रूस के काला सागर बेड़े के मुख्य मुख्यालय पर एक भीषण मिसाइल हमला किया। इस हमले में क्रीमिया के सेवस्तोपोल में स्थित रूसी नौसैनिक मुख्यालय की इमारत से धुएं का गुबार निकलते हुए देखा गया। सेवस्तोपोल के गवर्नर मिखाइल रज्वोझायेव ने कहा कि हमले में हताहत हुए लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं।

## बिजली शुल्क में होगी 3.28 पीकेआर प्रति यूनिट की बढ़ोतरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के नेशनल इलेक्ट्रिक पावर रेगुलेटरी अथॉरिटी ने तिमाही समायोजन के कारण बिजली शुल्क में 3.28 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट की बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है। इसकी जानकारी पाकिस्तानी चैनल ने दी।

मिली जानकारी के अनुसार, NEPRA ने बिजली उपभोक्ताओं पर 160 अरब रुपये का अतिरिक्त बोझ डालने की तैयारी कर ली है। इसके साथ ही बिजली दरों में बढ़ोतरी करने का भी फैसला किया है। नियामक प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2022–23 की चौथी तिमाही के समायोजन के तहत बिजली शुल्क में ३प्रति 3.28 की वृद्धि का प्रस्ताव करते हुए कार्यवाहक संघीय सरकार को सारांश भेजा है। संघीय सरकार की मंजूरी के बाद लागू होने वाली वृद्धि के–इलेक्ट्रिक उपभोक्ताओं पर भी लागू होगी। बिजली उपभोक्ताओं को अगले छह माह अक्टूबर 2023 से मार्च 2024 तक अतिरिक्त भुगतान करना होगा। इस बीच, बिजली दरों में वृद्धि और बिजली बिलों में अत्यधिक करों को शामिल करने के खिलाफ पूरे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन किया गया। बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर अशांति ऐसे समय में आई है जब नकदी की कमी से जूझ रहा पाकिस्तान आर्थिक संकट का सामना कर रहा है और मुद्रास्फीति लगभग 29 प्रतिशत पर है।



**फेल हो गया अमेरिका का एफ–35!**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिकी वायु सेना के एफ–35 बेड़े के आधे से अधिक विमान किसी भी समय उड़ान भरने के लायक नहीं हैं। यह खुलासा यूएस गवर्मेंट एकाउंटबिलिटी ऑफिस (जीएओ) ने एक नई रिपोर्ट में किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग आधे एफ–35 ज्वाइंट स्ट्राइक फाइटर्स जो ऑपरेशनल होने वाले हैं, वे उड़ान भरने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में उन्हें उड़ने लायक बनाने में 1.3 ट्रिलियन डॉलर की लागत आएगी। अमेरिका का दावा है कि एफ–35 दुनिया का सबसे शक्तिशाली लड़ाकू विमान है। अमेरिका ने इस विमान को अपने कई मित्र देशों को बेचा भी है। हालांकि, एफ–35 को खरीदने वाले दक्षिण कोरिया ने भी कुछ ऐसी ही शिकायत की थी। दक्षिण कोरिया ने अपनी संसद में बताया था कि एफ–35 की ऑपरेशनल उपलब्धता 40 फीसदी से भी कम है।

## अवैध तरीके से कब्जाए पीओके को खाली करे पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

संयुक्त राष्ट्र। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर उल हक काकड़ ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के खिलाफ जहर उगला। अपने संबोधन में उन्होंने जम्मू–कश्मीर का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच शांति के लिए कश्मीर अहम है। पाकिस्तान, बैठकों में चर्चा के एजेंडे और विषय की परवाह किए बिना लगातार संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर जम्मू–कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है।

संयुक्त राष्ट्र में अब भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए, आतंकवाद की दुकान बंद करने और अवैध तरीके से कब्जाए पीओके को खाली करने को कहा है। इसके अलावा पाकिस्तान को अल्पसंख्यकों के हालात भी याद दिलाए गए।

**संयुक्त राष्ट्र में भारत ने दिया करारा जवाब, बंद की बोलती**

UNGA की दूसरी समिति के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने कहा, हम दोहराते हैं जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख से जुड़ा हर मामला भारत का आंतरिक विषय है। पाकिस्तान के पास हमारे घरेलू मामलों में टिप्पणी का कोई अधिकार नहीं है।३ उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान की आदत है कि वह बहुपक्षीय मंचों का दुरुपयोग भारत के खिलाफ प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए करता है।

**अल्पसंख्यकों की दिलाई गई याद** पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों की स्थिति याद दिलाते हुए उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश और अन्य बहुपक्षीय संगठन अच्छी तरह जानते हैं कि पाकिस्तान का रिकॉर्ड मानवाधिकारों पर बेहद खराब है। इससे ध्यान भटकाने के लिए वह ऐसा करता है। इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान में हाल के दिनों में चर्च पर हुए हमलों पर भी प्रकाश डाला। कश्मीर का मुद्दा उठाने को लेकर भी उन्होंने पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को पहले अपना घर संभालना चाहिए, जहां अल्पसंख्यक लड़कियों का जबरन अपहरण, धर्म परिवर्तन की घटनाएं बढ़ रही हैं।

### राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली का बड़ा दावा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। चीन को अमेरिका और दुनिया के लिए खतरा बताते हुए भारतीय–अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने दावा किया है कि बीजिंग किसी युद्ध की तैयारी कर रहा है। हेली ने न्यू हैम्पशायर में भाषण में कहा कि चीन ने अमेरिका को हराने की साजिश रचने में आधी सदी बिता दी है और कुछ मामलों में, चीनी सेना पहले से ही अमेरिकी सशस्त्र बलों के बराबर है। दरअसल, हाल ही में उनके भारत–अमेरिकी रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी विवेक रामास्वामी द्वारा ओहियो में चीन पर विदेश नीति पर भाषण दिया था, जिसके दो दिन बाद हेली का यह बयान सामने आया है। मालूम हो कि हेली और रामास्वामी दोनों पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बाद लोकप्रिय जीओपी उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। हेली ने कहा, हमारे राष्ट्रीय अस्तित्व के लिए ताकत और गौरव जरूरी है, खासकर कम्युनिस्ट चीन के सामने। चीन हमारे अस्तित्व के लिए खतरा है।

*यदि आपको अपनी जिंदगी में 'ज्यादा सफल' होना है तो आपको बहुत ज्यादा मेहनत करने की जरुरत होगी।"–अज्ञात।*



विचार-प्रवाह देहरादून, रविवार, 24 सितंबर 2023

पेज थ्री
www.page3news.in

# सवाल किया जाना पसंद नहीं

**गौर करने की बात है कि राज्य के हिंसा पीड़ित लोगों के बीच राहत और पुनर्वास के कार्यों में मदद के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमिटी में किसी मणिपुरी को स्थान नहीं मिला तो इसके पीछे भेदभाव और पक्षपात की आशंकाओं को खत्म करने की ही भावना थी।**

आरती शाह।।

यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जाएगी कि देश में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और उसकी फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों को गिरफ्तारी से बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी पड़े। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत देकर इन सबके सिर पर लटक रही गिरफ्तारी की तलवार फिलहाल हटा दी है, जो निश्चित रूप से राहत की बात है, लेकिन यह मुद्दा अभी बना हुआ है। ध्यान रहे, मणिपुर अगर मई महीने से ही हिंसा की लपटों से घिरा दिख रहा है और तमाम प्रयासों के बावजूद अभी तक ये लपटें पूरी तरह शांत नहीं हो पाई हैं, तो इसके पीछे एक बड़ी भूमिका गलत और झूठी सूचनाओं के निरंतर प्रवाह की भी रही है। स्थानीय समुदायों के बीच दूरी आ गई जिसे फेक न्यूज और दुष्प्रचार अभियान और बढ़ाते रहे। इसी संदर्भ में EGI की फैक्ट फाइंडिंग टीम ने बताया कि कैसे 'दोनों तरफ से परस्परविरोधी नैरेटिव चलाए जाते रहे।' इस रिपोर्ट पर मणिपुर पुलिस का एफआईआर दर्ज कर लेना जितना बेतुका और आपत्तिजनक है उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण है खुद मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह का इस मुद्दे पर प्रेस में आकर बयान देना और व्यक्तिगत रूप से EGI रिपोर्ट की निंदा करना। जब मणिपुर सरकार प्रदेश में कानून–व्यवस्था के मोर्चे पर अपनी नाकामी के कारण खुद कटघरे में है, वह ऐसा जताने की कोशिश कर रही है कि उसे सवाल किया जाना पसंद नहीं।



हालांकि किसी भी संस्था की कोई भी रिपोर्ट आलोचना से ऊपर नहीं होती। उस पर सवाल भी उठाए जा सकते हैं और उससे असहमति भी दर्ज कराई जा सकती है। लेकिन अगर कोई मुख्यमंत्री कुछ पत्रकारों को देशद्रोही और व्यवस्था विरोधी बताने लग जाए तो उससे बेहतर रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने में कोई मदद नहीं मिलती। इस तरह की पुलिस कार्रवाई से मीडिया का स्वतंत्र कामकाज बाधित होता है। गौर करने की बात है कि राज्य के हिंसा पीड़ित लोगों के बीच राहत और पुनर्वास के कार्यों में मदद के लिए सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमिटी में किसी मणिपुरी को स्थान नहीं मिला तो इसके पीछे भेदभाव और पक्षपात की आशंकाओं को खत्म करने की ही भावना थी।

राज्य सरकार ने अपने अफसरों को सोशल मीडिया ग्रुप्स से हटने को कहा तो उसके पीछे ये खबरें थीं कि नौकरशाही और पुलिस में जातीय आधार पर विभाजन दिख रहा है। ऐसे माहौल में विश्वास बहाल करना आसान नहीं होता। इसके लिए कड़वे सच को न सिर्फ सुनना होगा बल्कि उसे स्वीकार करना और उससे निपटना भी होगा। संवाद और सूचनाओं के प्रवाह पर लगी रोक हटाते हुए राज्य से बाहर के मीडिया को भी पूरी पहुंच देनी होगी। एन बिरेन सिंह सरकार EGI सदस्यों के खिलाफ दायर थ्प्त को वापस लेने की प्रक्रिया के साथ इस दिशा में सही शुरुआत कर सकती है।

## धर्म कर्म के मार्ग

**अशोक वोहरा।**

धर्म-दर्शन



ज्ञानी संत ने उत्तर दिया, हे राजन, अगर हम सीधे तौर पर आपके पश्न का उत्तर दें तो आप उस उत्तर से कादचित संतुष्टि प्राप्त नहीं कर पाओगे। क्योंकि सम्पूर्ण ईश्वर भक्ति ही आपको मोक्ष के द्वार तक लेकर जाती है. और सम्पूर्ण ईश्वर भक्ति का आधार है पुण्य कर्म. जितना अधिक आप जीवन मे पुण्य कर्म करोगे आपके मोक्ष प्राप्ति का मार्ग उतना ही आसान होता चला जाएगा। मोक्ष प्राप्ति का इतना सहज नहीं इसके लिए मन और इंद्रियों पर नियंत्रण रखना अति अवश्यक है। मोक्ष प्राप्ति का पहला नियम यही है। अपने लोभ, मोह, वासना, घृणा, ईर्षा, क्रोध जैसे सभी विकारो पर विजय प्राप्त करना! ताकि धर्म कर्म के मार्ग पर यह आपके लिए बाधा उत्तपन्न न करे।

# संपादकीय

## सामूहिक मानस

हिंदुओं का सामूहिक मनोविज्ञान बदलने के और भी बहुत सारे सबूत मिल जाएंगे। ऐसे जागरूक होते सामूहिक जनमानस के बीच केवल कथा कराने और चंदन लगाने से लोग यह नहीं मान लेंगे कि आप हिंदुत्व के अनुगामी हैं। पहला, आम धारणा यह बनाई गई थी कि हिंदू शब्द भारतीय धर्म ग्रंथों में नहीं है, यह अरबों द्वारा दिया गया है। शोधकर्ताओं ने बता दिया कि शुक्ल यजुर्वेद से लेकर अनेक धर्म ग्रंथों में सदियों से हिंदू शब्द का उल्लेख है। दूसरा, इतिहास में मुगल काल, सल्तनत काल और कुछ शासकों को महान बताए जाने के विरुद्ध इतने प्रमाण और तथ्य शोधकर्ताओं ने दिए हैं कि अब भारत के इतिहास को देखने का दृष्टिकोण व्यापक रूप में बदल चुका है। तीसरा, एक समय विश्व गुरु शब्द लोगों को फासीवादी लगता था, लेकिन धीरे–धीरे भारत के प्राचीन इतिहास, हिंदुत्व के दर्शन को समझने वाले मानने लगे हैं कि भारत में ही वह अद्भुत क्षमता है कि विश्व का मार्गदर्शन कर सके। वैसे संसदीय लोकतंत्र में राजनीति सर्वोपरि है और हर नेता, पार्टी का दायित्व है कि वह विचारधारा को लेकर ईमानदार रहे, उसे सिर्फ चुनावी रणनीति तक सीमित न रखे।

तस्वीर अहम इसलिए भी हो गई है कि कमलनाथ के नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस आजकल स्वयं को सच्ची हिंदुत्ववादी पार्टी साबित करने की हर संभव कोशिश कर रही है।

# क्या है वजह

अवधेश कुमार।।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश में पार्टी की चुनावी कमान संभाल रहे कमलनाथ की एक तस्वीर इन दिनों वायरल है, जिसमें वह एक भक्त हिंदू की तरह पूरे कपाल पर चंदन का लेप लगाए, हाथ जोड़े, कंधे पर लाल गमछा डाले दिख रहे हैं। तस्वीर अहम इसलिए भी हो गई है कि कमलनाथ के नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस आजकल स्वयं को सच्ची हिंदुत्ववादी पार्टी साबित करने की हर संभव कोशिश कर रही है। हिंदुत्व के मोर्चे पर वक्तव्य और व्यवहार में वह इतने मुखर हैं, जितने बीजेपी के नेता भी नहीं।

कमलनाथ ने बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की कथा का आयोजन अपने निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा में करवाया। धीरेंद्र शास्त्री आह्वान कर रहे हैं कि भारत को हिंदू राष्ट्र बनाना है। कमलनाथ से पूछा गया कि क्या आप भारत को हिंदू राष्ट्र मानते हैं तो उन्होंने कहा कि लेकिन इसे कहने की क्या जरूरत है। यही नहीं, मध्य प्रदेश कांग्रेस ने धर्म प्रकोष्ठ इकाई का भी गठन किया है और उसने पुजारियों और संतों का सम्मेलन भी आयोजित किया है। इन्हीं प्रयासों के मद्देनजर मध्य प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ मुस्लिम नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अजीज कुरैशी ने कहा कि वोट के लिए कांग्रेस नेता हिंदुत्व की माला जप रहे हैं और ऐसे नेताओं को चुल्लू भर



पानी में डूब मरना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस सहित सभी पार्टियां अच्छी तरह समझ लें कि मुसलमान आपका गुलाम नहीं है कि जो कुछ कह देंगे, उसका पालन हो जाएगा।

साफ है कि मुस्लिम वोटों की लगातार चिंता करने वाली कांग्रेस उनकी नाराजगी मोल लेते हुए भी हिंदुत्व पर मुखर है। इसका अर्थ हुआ कि संघ परिवार और बीजेपी के हिंदुत्व अभियानों ने वोटरों की सोच को इतना बदल दिया है कि खुद को लिबरल– सेकुलर बताने वाले नेता और दल अब स्वयं को निष्ठावान हिंदू और हिंदुत्ववादी साबित करने में लग गए हैं। कई कारणों से चुनाव में उन पार्टियों को सफलताएं भी मिली हैं। इससे कुछ हलकों में यह राय बन रही है कि हिंदुत्व की जमीन पर भी बीजेपी को कमजोर किया जा सकता है। लेकिन क्या सचमुच कांग्रेस या दूसरी पार्टियां हिंदुत्व की राजनीति में उस पायदान पर खड़ी हो सकती हैं, जहां बीजेपी है? ऐसा मानना मुश्किल है और इसकी ठोस वजहें भी हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुत्व के विचार से निकला संगठन है। बीजेपी इस विचारधारा से निकली पार्टी है। कांग्रेस और अन्य दलों के बारे में ऐसा नहीं कहा जा सकता। चुनावी दृष्टि से स्वयं को निष्ठावान हिंदू कहना और हिंदुत्व के कुछ मुद्दों पर आक्रामक होना विचारधारा में सहभागी होने का प्रमाण नहीं हो सकता। अगर कांग्रेस सचमुच स्वयं को हिंदुत्व का पैरोकार मानती है तो उसे दिखाना होगा कि बीजेपी जिन मुद्दों और विषयों पर खुलकर सामने आती है, वह भी उसी तरह आ सकती है। लेकिन वह ऐसा नहीं करती, कुछ उदाहरण देखिए। केंद्र सरकार ने जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 खत्म कर दिया। राहुल गांधी और अन्य नेता कहते हैं कि उनकी सरकार आई तो 370 लागू करेंगे। यह हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रवाद की परिधि में नहीं आ सकता।

समझना होगा कि हिंदुत्व विचारधारा मंदिरों में आस्था और पूजा–पाठ तक सीमित नहीं है। एक नास्तिक भी हिंदू हो सकता है और वह हिंदुत्ववादी कहला सकता है। आज का भारत पहले का नहीं है जिसमें कि आप हिंदुत्व विचारधारा के नाम पर लोगों में भ्रम पैदा कर दें। कई गलत धारणाएं पिछले आठ–नौ वर्षों में ध्वस्त हुई हैं।

### सूडोकु नवताल-5406

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5405 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### 'सनातन धर्म' के सांस्कृतिक मूल्य

**मोहन।** असल में संघ के विचारों को लेकर भ्रम की स्थिति इसलिए भी बनी क्योंकि विशुद्ध भारतीय विचार को समझने के लिए हमने पश्चिमी शब्दकोष और अवधारणाओं का उपयोग किया। इसके कुछ उदाहरण देखिए। अंग्रेजी में 'राष्ट्र' को अक्सर राष्ट्र–राज्य या नेशन–स्टेट शब्द से जोड़ा जाता है। यूरोप में राष्ट्र–राज्य और विशेष रूप से एक 'सेकुलर' राष्ट्र–राज्य का विकास मध्यकालीन युग की घटना है। यह सेकुलर नेशन स्टेट यानी पंथनिरपेक्ष राष्ट्र राज्य की अवधारणा चर्च की तानाशाही के खिलाफ समाज की प्रतिक्रिया थी। दूसरी ओर भारत में 'राष्ट्र' की अवधारणा बहुत पुरानी है और यह यहां रहने वाले सभी लोगों की एक विशिष्ट और साझा संस्कृति पर आधारित थी। यूरोप में जो देश पिछले 500 साल में अस्तित्व में आए वे समाज के कुछ वर्गों के राजनीतिक संघ थे जबकि भारत में 'राष्ट्र' का अर्थ ऐसे लोगों का संघ था जो सामान्य सांस्कृतिक मूल्यों को साझा करते थे। इन्हें लोकप्रिय रूप से हिंदू सांस्कृतिक मूल्यों के रूप में जाना जाता है। इसे वैकल्पिक रूप से 'सनातन धर्म' के सांस्कृतिक मूल्य भी कहते हैं। ये दोनों पर्यायवाची हैं।





## उर्फी जावेद का नया अवतार देख मुंह बिचका रहे यूजर्स

उर्फी जावेद अपने अतरंगी कपड़ों की वजह से चर्चा में रहती हैं। हर बार कुछ नया आउटफिट ट्राई करती है। यूजर्स कई बार ये आरोप लगाते हैं कि वो बेशर्मी की सारी हदें पार कर जाती हैं। इस बार भी उर्फी ने कुछ ऐसी ही रिवीलिंग ड्रेस पहनी है, जिसे देखकर लोग नाक–भौंह सिकोड़ रहे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर नया वीडियो शेयर किया है, जिस पर यूजर्स भद्दे–भद्दे कॉमेंट कर रहे हैं। उर्फी जावेद की ये ड्रेस फ्रंट से हद से ज्यादा रिवीलिंग है। लोगों का कहना है कि पीछे से उनका लुक कुछ अजीब–सा दिख रहा है। उनका ये लुक ज्यादातर लोगों को पसंद नहीं आ रहा है। एक यूजर ने तो ये कॉमेंट किया कि कोई इन्हें कपड़े डोनेट कर दे।
इससे पहले उर्फी जावेद सिद्धिविनायक मंदिर गई थीं। यहां उनके अनूठे चश्मे ने सबका ध्यान खींचा, जो किसी मास्क की तरह लग रहा था। उनके साथ बिग बॉस सीजन 15 के फर्स्ट रनरअप बने। इस सीजन को तेजस्वी प्रकाश ने जीता था। उर्फी जावेद को रिएलिटी शो बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 में बतौर गेस्ट देखा गया था। वहां पर एल्विश यादव संग उनकी फनी बातचीत काफी वायरल हुई थी। एल्विश ने कहा था कि वो उर्फी को सलवार–सूट में देखना चाहते हैं। इसके बाद उर्फी ने ग्रीन कलर का सलवार–सूट पहना और इंस्टाग्राम पर फोटो शेयर की थी।

## प्रभास की फिल्म से कुछ भी लीक करने वालों पर कानून कसेगा शिकंजा

प्रभास की फिल्म श्कल्कि 2898 एडीश पिछले कुछ सालों से चर्चे में है और ये सबसे बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। फिल्म में कई बड़े स्टार्स हैं, जिनमें प्रभास, दीपिका पादुकोण, कमल हासन, अमिताभ बच्चन और कई बड़े नाम शामिल हैं। फिल्म का डायरेक्शन नाग अश्विन ने किया है, जो श्महानतीश और श्येवडे सुब्रमण्यमश जैसी बॉक्स ऑफिस हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। फिल्म से जुड़ी एक नई अपडेट सामने आई है। वैजयंती मूवीज ने कॉपीराइट उल्लंघन के खिलाफ कानूनी नोटिस जारी किया है। उन्होंने कॉपीराइट नोटिस की घोषणा करने के लिए अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है। नोटिस के अनुसार, सोशल मीडिया सहित किसी भी व्यक्ति द्वारा फिल्म से संबंधित किसी भी तरह के सीन, फुटेज, इमेज, म्यूजिक या किसी चीज को शेयर करना एक आपराधिक अपराध होगा, जो 1957 के कॉपीराइट अधिनियम के तहत दंडनीय होगा। प्रभास और दीपिका पादुकोण की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है। इसे हाल ही में एक झटके का सामना भी करना पड़ा। फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरों को लीक कर दिया गया था, जिससे जाहिर तौर पर प्रोडक्शन टीम में निराशा पैदा हुई।

## शाहरुख खान ने बेटे अबराम संग लालबागचा राजा के दरबार में लगाई हाजिरी




शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म श्जवानश को लेकर चर्चा में हैं, जिसने बॉक्स ऑफिस पर सारे रिकॉर्ड ब्रेक कर दिए हैं। उन्हें हाल ही में मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया में गणेश उत्सव में देखा गया था। अब उन्होंने छोटे बेटे अबराम संग लालबागचा राजा के दरबार में हाजिरी लगाई है। उन्होंने गणपति बप्पा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। सोशल मीडिया पर तरफ उनके फोटोज और वीडियो छाए हुए हैं। इस वीडियो में लालबागचा राजा के पैर छूकर उनका आशीर्वाद ले रहे हैं। उन्होंने दानपेटी में दान भी किया। पापा का देखा–देखी अबराम ने भी गणपति बप्पा के पैर छुए और माथे पर तिलक भी लगवाया। इस वीडियो पर फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं।
इससे पहले शाहरुख खान पूरे परिवार के साथ मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया गए थे, जहां गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। शाहरुख के साथ उनकी वाइफ गौरी खान, बेटी सुहाना खान, बेटा अबराम और सास सविता छिब्बर भी थीं। जवान की रिलीज से पहले शाहरुख खान वैष्णो देवी के दर्शन करने के लिए जम्मू पहुंचे थे।

# करीना कपूर को अब स्टार नहीं बनना और न ही स्टारडम चाहिए



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*हाल ही करीना कपूर की फिल्म श्जाने जानश ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसे ठीकठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है। लगता है कि इस फिल्म में काम करने के बाद करीना का अंदाज बदल गया है। करीना का कहना है कि अब उन्हें स्टारडम नहीं चाहिए, बल्कि अब वह अलग–अलग कैरेक्टर प्ले करना चाहती हैं। श्जाने जानश में करीना ने माया डिसूजा नाम की एक ऐसी महिला का किरदार निभाया है, जिसका एक काला अतीत है, और वह उससे भाग रही है। करीना ने लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि उनकी टॉप प्रायॉरिटी क्या है। साथ ही यह भी बताया कि वह सिंघम 3 का हिस्सा होंगी।*

**स्टारडम पर यह बोलीं करीना**
स्टारडम और अपनी प्रायॉरिटी को लेकर करीना कपूर ने श्फिल्म कंपैनियनश से बातचीत में कहा, अब, बात स्टारडम के बारे में नहीं है। मैं अब स्टारडम नहीं चाहती। मैं कैरेक्टर्स प्ले करना चाहती हूं क्योंकि मैं हमेशा कैमरे के सामने रहना चाहती थी। चाहती हूं कि मैं हमेशा एक एक्टर के रूप में जानी जाऊं, मेरी यही टॉप प्रायॉरिटी है।

**करीना को अब स्टार नहीं, बनना है एक्टर**
करीना ने आगे कहा, हां, पू और गीत जैसे किरदार ब्लॉकबस्टर



रहे है और वो इन 23 साल का हिस्सा हैं। लेकिन अब नहीं हो सकते। लेकिन मुझे लगता है कि मैं शायद इस समय अपने करियर का सबसे अच्छा समय देख रही हूं, फिर चाहे वह श्जाने जानश हो या फिर द बकिंघम मर्डर्स।

**करीना बोलीं- सक्सेस या फेल्यिर मायने नहीं रखता**
करीना ने कहा कि वह अब और एक्सप्लोर करना चाहती हैं। अब वह सफलता या असफलता के बारे में नहीं सोच रहीं, और न ही उन्हें बॉक्स ऑफिस के आंकड़ों से मतलब है। वह बोलीं, द क्रू और सिंघम 3 जैसी फिल्में होंगी, जहां बेबो दिखेगी। लेकिन अभी मैं खुद को एक एक्टर के तौर पर एक्सप्लोर कर रही हूं।

**सिंघम अगेन में नजर आएंगी करीना**
सिंघम अगेन की बात करें तो रोहित शेट्टी की इस फिल्म में अजय देवगन के अलावा दीपिका पादुकोण पुलिस अफसर के रोल में होंगी। फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार और श्वेता तिवारी भी होंगी। वहीं जाने जान की बात करें, तो करीना की यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। इसमें विजय वर्मा और जयदीप अहलावत भी हैं।

# पापा राहुल वैद्य ने बताया मैं नहीं रोक सका आंसू




*राहुल वैद्य और दिशा परमार पैरेंट्स बन गए हैं। दोनों के घर बिटिया रानी का जन्म हुआ है। गणेश चतुर्थी के दिन ही दिशा परमार मां बनी थीं। अब राहुल वैद्य ने पिता बनने पर रिएक्ट किया है। उन्होंने बताया कि पिता बनने के बाद कैसा लग रहा है। बिटिया को देखा तो क्या फीलिंग थी।*

सिंगर और बिग बॉस फेम राहुल वेद्य खुशी के मारे फूले नहीं समा रहे हैं। एक्ट्रेस दिशा परमार और राहुल के घर बेबी गर्ल का जन्म जो हुआ है। दोनों के घर 20 सितंबर 2023 को नन्ही राजकुमारी का जन्म हुआ है। अब राहुल वैद्य ने पिता बनने पर अपनी फीलिंग्स शेयर की है। उन्होंने बताया कि वह बिटिया का चेहरा देखते ही रो पड़े। एक बार नहीं बल्कि चार–पांच बार वह इस खूबसूरत लम्हे को महसूस कर रो पड़े। राहुल वैद्य ने पैरेंट्स बनने पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा, ये जो फीलिंग है, उसे बयां ही नहीं किया जा सकता है। मैं दुनिया का सबसे खुशनसीब इंसान महसूस कर रहा हूं। गणेश चतुर्थी के मौके पर मेरे घर लक्ष्मी आई है।

**अब कैसी है दिशा परमार की तबीयत**
इसी के साथ राहुल वैद्य ने पत्नी दिशा परमार का हेल्थ अपडेट भी दिया। उन्होंने बताया कि बेटी और दिशा दोनों ठीक हैं। उनका पूरा परिवार इस समय काफी खुश हो रखा है।

**राहुल वैद्य खूब रोए, नहीं रुके खुशी के आंसू**
सिंगर राहुल वैद्य ने बिटिया को पहली बार देखने का अनुभव भी शेयर किया। उन्होंने कहा, जैसे ही मुझे पता चला मेरे घर बेटी हुई है, मैं तीन चार घंटे के लिए चुप ही हो गया। मुझे समझ ही नहीं आ रहा था हो क्या रहा है। मैं छह बार रोया भी। अभी भी मैं जब बेटी को देखता हूं तो मेरी आंखों में आंसू आ जाते हैं। अगर मैं बात करता हूं तो भी मेरा गला भर आता है। ये सब बहुत ही अलग फीलिंग है।

**सोनू निगम ने किया सबसे पहले कह्ल**
राहुल वैद्य ने खुलासा किया कि इंडस्ट्री में सिंगर सोनू निगम वो शख्स थे जिन्होंने इस पल में सबसे पहले उन्हें कॉल किया। बधाई दी। उन्होंने कहा, मुझे सोनू निगम जी ने कॉल किया और कहा कि हमारा बच्चा बाप बन गया है।

# चेहरे से मिटेंगे बुढ़ापे के लक्षण, मसल्स में भरेंगी ताकत







**एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी फूड्स का सेवन करें**
त्वचा को युवा और चमकदार बनाए रखने के लिए ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इन्फ्लेमेशन से लड़ना जरूरी है, ये दोनों उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर फूड्स जैसे बेरीज और हल्दी में ऐसे पावरफुल कंपाउंड होते हैं, जो खतरनाक फ्री रेडिकल्स को बेअसर करते हैं और सूजन को कम करते हैं।

*बुढ़ापे को कोई रोक नहीं सकता लेकिन बुढ़ापे के लक्षणों को समय से पहले आने से जरूर रोका जा सकता है। आजकल बहुत से लोग बहुत कम उम्र ही बुढ़ापे के लक्षणों का सामना कर रहे हैं। बालों का सफेद होना, झड़ना और गंजापन, त्वचा का लटकना, कमजोरी, थकान, खून की कमी और दांतों का कमजोर होना आदि ऐसे लक्षण हैं, जो बताते हैं कि आप बूढ़ा होने की राह पर चल पड़े हैं।*

**प्रोटीनः** स्किन को यंग बनाने और मसल्स की टोन बनाए रखने के लिए प्रोटीन सबसे जरूरी पोषक तत्व है। एनिमल प्रोटीन है क्वालिटी वाले प्रोटीन के सबसे बढ़िया स्रोत हैं। उनमें कोलेजन उत्पादन के लिए सभी जरूरी अमीनो एसिड होते हैं। प्रोटीन त्वचा को संरचना देने और इसकी लोच बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा एनिमल प्रोटीन से सोर्स आयरन से भरपूर होते हैं, जो स्किन सेल्स तक ऑक्सीजन पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

**अर्हगन मीटः** ऑर्गन मीट को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है लेकिन यह पौष्टिकता का खजाना है। इनमें वो सभी जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, है जो त्वचा को जवां रखने के लिए जरूरी हैं। लिवर यानी कलेजी खासकर विटामिन और मिनरल्स का पावरहाउस है। यह विटामिन ए का बढ़िया स्रोत है, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने के लिए जरूरी है। विटामिन ए सीबम के उत्पादन में सहायता करता है, जो स्किन का नैचुरल मॉइस्चराइजर है।

**हेल्दी सैचुरेटेड फैट**
सैचुरेटेड फैट को अक्सर अन्हेल्दी माना जाता है लेकिन हेल्दी सैचुरेटेड फैट बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी हैं और यह आपको जवान दिखने में हेल्प कर सकते हैं। घी, मक्खन और नारियल तेल जैसी चीजें हेल्दी सैचुरेटेड फैट से भरी होती हैं। यह आपको जरूरी फैटी एसिड प्रदान देती हैं जो त्वचा को पोषण और नमी देने का काम करती हैं। हाइड्रेट रहने से त्वचा की नमी बनाए रखने, फाइन लाइन्स और रिंकल्स को रोकने में मदद मिलती है।

**कोलेजन रिच फूड्स**
कोलेजन वह प्रोटीन है जो आपकी स्किन की इलास्टिसिटी और फर्मलेस बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, कोलेजन का उत्पादन नैचुरली कम हो जाता है, जिससे त्वचा ढीली हो जाती है और झुर्रियां नजर आने लगती हैं। अपनी डाइट में हड्डियों का सूप जैसे कोलेजन वाले फूड्स शामिल करने से इस प्रक्रिया को धीमा करने में मदद मिल सकती है।



## राजमा के दाने-दाने में भरी है शुगर की दवा, हड्डियों और दिल के लिए भी फायदेमंद

राजमा चावल सबसे टेस्टी फूड में से एक है। हर किसी को ये खाना बेहद पसंद आता है। लेकिन कहीं न कहीं लोगों का ये लगता है कि राजमा उनको मोटा बनाता है या ये उतना हेल्दी नहीं है। मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि राजमा बहुत हेल्दी फूड है। इसके हर दाने में डायबिटीज जैसी बीमारी का इलाज छिपा हुआ है। राजमा को कई तरह से खाया जा सकता है। आप इसे उबालकर सलाद भी बना सकते हैं या फिर सब्जी बनाकर सेवन किया जाता है। इसमें ऐसे ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को मजबूत और जानदार बनाने में मदद करते हैं। इस आर्टिकल में राजमा खाने के सारे फायदों के बारे में जानेंगे। डायबिटिक पेशेंट राजमा खा सकते हैं। राजमा को ब्लड शुगर मेंटेन रखने वाला बताया है। इसमें फाइबर, प्रोटीन, मैग्नीशियम और पोटैशियम होता है। जो नसों में शुगर को कंट्रोल रखने के लिए जरूरी होते हैं। अगर आप बॉडी बिल्डिंग करते हैं या करना चाहते हैं तो राजमा जरूर खाएं। क्योंकि मसल्स को बढ़ाने के लिए प्रोटीन की जरूरत होती है। राजमा एक हाई प्रोटीन फूड है, जिसे डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। यह वर्कआउट के लिए जरूरी एनर्जी देने का काम भी करता है। ऑस्टियोपोरोसिस और ऑस्टियोमलेशिया हड्डियों की भयंकर बीमारी हैं।

## कोलेस्ट्रॉल को कैसे कम करती है भिंडी?

कोलेस्ट्रॉल कैसे कम करें? कोलेस्ट्रॉल की समस्या चुंबक की तरह हैं। एक बार जो इसकी चपेट में आ गया उसे जीवनभर दवाओं पर निर्भर रहना पड़ सकता है। अगर आप कोलेस्ट्रॉल के मरीज हैं और नसों में जमा खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करना चाहते हैं, तो आपको भिंडी की सब्जी को अपना साथी बना लेना चाहिए। भिंडी की सबसे खास बात इसका चिपचिपा होना है और यही गुण शरीर से विषाक्त पदार्थों के साथ कोलेस्ट्रॉल और पित्त एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके अलावा भिंडी में लीसेकेराइड होता है और इसमें पित्त एसिड को बांधने की ताकत होती है। भिंडी का हाइपरलिपिडेमिया गुण चयापचय संबंधी विकारों को ठीक करने की क्षमता रखता है। शोध् ार्कताओं ने पाया है कि भिंडी का चिपचिपा पदार्थ पाचन के दौरान कोलेस्ट्रॉल से जुड़कर उसे कम करने में मदद कर सकता है। यह कोलेस्ट्रॉल को मल के माध्यम से शरीर से बाहर निकलने में मदद करता है। आमतौर पर भिंडी की सब्जी बनाकर खाई जाती है लेकिन आप इसका सूप भी बना सकते हैं। सूप के जरिये आपको इसका अधिक चिपचिपा पदार्थ मिल सकता है। इसका अलावा भिंडी का पाउडर भी मिलता है।

# इस बीमारी में खाना तक भूल जाता है मरीज

*अल्जाइमर सबसे आम तरह का डिमेंशिया है। इस स्थिति में लोग चीजें भूलने और भ्रमित होने लगते हैं क्योंकि इसमें स्थिति समय के साथ और ज्यादा खराब होती चली जाती है। इस स्थिति में याददाश्त, सोचने और दैनिक काम करने की क्षमता पर असर होता है। यह ऐसी स्थिति होती है, जैसे मस्तिष्क में धुंध जम गया हो और चीजों को याद रखना, लोगों को पहचानना एवं अपना ख्याल रखना मुश्किल हो गया हो। मस्तिष्क एक मशीन जैसा होता है, जिसे ठीक से काम करने के लिए सही ईंधन की आवश्यकता होती है। जब किसी को अल्जाइमर होता है, तो उसका मस्तिष्क ठीक से काम नहीं कर पाता है, जिससे उसकी भूख और खाने की आदतें प्रभावित होती हैं। गाजियाबाद के मणिपाल अस्पताल की डॉ. मधुकर त्रिवेदी, सलाहकार न्यूरोलॉजी, से जानते हैं कैसी होती है अल्जाइमर के रोगी की खान-पान की आदतें।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**अल्जाइमर से प्रभावित होने वाली खान-पान की आदतें**
बीमारी बढ़ने के साथ अल्जाइमर रोगियों का वजन घट सकता है। यह खाना खाना भूल जाने, खघना बनाने में होने वाली मुश्किल, और स्वाद में होने वाले परिवर्तन के कारण हो सकता है। अल्जाइमर रोगियों का वजन कम होने के कारण कुपोषण एवं स्वास्थ्य की अन्य समस्याएं हो सकती हैं। अल्जाइमर से व्यक्ति की स्वाद लेने और सूंघने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। इस कारण उसकी भूख घट सकती है या उसे कुछ स्वाद ज्यादा पसंद आने लग सकते हैं, जिससे उसका आहार कम और असंतुलित हो सकता है। कुछ अल्जाइमर रोगी खाना-खाना ही भूल जाते हैं, या खाना के दौरान वो चिंतित या भ्रमित हो जाते हैं, और इस वजह से वो खाना खाने से मना कर देते हैं।



**दम घुटने का खतरा**
अल्जाइमर बढ़ने के साथ रोगियों को निगलने में कठिनाई हो सकती है, जिससे उनका दम घुटने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इससे खाना और पोषण प्राप्त करना और मुश्किल हो सकता है। कभी-कभी अल्जाइमर रोगी खाने पर टूट पड़ते हैं, और थोड़े समय में ही बहुत ज्यादा खा सकते हैं, इससे उन्हें स्वास्थ्य की अन्य कई समस्याएं हो सकती हैं। अल्जाइमर रोगियों को आमतौर से अवसाद और चिंता हो जाते हैं, और इन भावनात्मक कारणों से उनकी खघन-पान की आदतों पर असर पड़ सकता है। अल्जाइमर रोग की कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट हो सकते हैं, जिनसे पेट में बेचैनी और दर्द हो सकता है, जिससे उनकी खाने की आदतों पर असर पड़ सकता है।


**डायटीशियन और डक्टर की मदद बहुत जरूरी**
अल्जाइमर रोगियों में खान-पान संबंधी विकारों का नियंत्रण बहुत आवश्यक है। आहार में पोषक तत्वों से भरपूर, आसानी से खाए जाने वाले खाद्य पदार्थ शामिल करके उनमें पोषण की कमी को दूर किया जा सकता है, और दिनचर्या के अनुसार खाना एवं नाश्ता देकर अल्जाइमर रोगियों को खाना खाने की याद रखने में मदद की जा सकती है। उनकी देखभाल की विस्तृत दिनचर्या बनाने के लिए देखभाल करने वाले के साथ एक डायटीशियन और डॉक्टर की मदद बहुत जरूरी है।

## आ गया वो वक्त, जब शरीर की जरूरत बन जाते हैं काम




मौसम बदलते हुए आपको 7 हेल्थ टिप्स जरूर अपनाने चाहिए। इन कामों को दिमाग में बैठा लें और रोजाना करें। इससे आपकी इम्यूनिटी बढ़ जाएगी और बीमारियों से बचाव भी होगा। आइए जानते हैं कि मौसम बदलने के दौरान कौन सी बातें काम आती हैं। प्रकृति हमारी हर जरूरत का ध्यान खुद रखती है। आपको बस उसे सुनने की जरूरत है। जब मौसम बदलता है तो खेती भी बदल जाती है। हर मौसम में अलग-अलग खाद्य पदार्थ उगाए जाते हैं, जो उस मौसम के लिए जरूरी न्यूट्रिशन देते हैं। विटामिन सी आपके इम्यून सिस्टम की जान होता है। यह कई सारे सेलुलर फंक्शन के लिए जरूरी है। इससे बीमारी से बचाने वाली इम्यूनिटी बढ़ती है। यह खट्टे फलों, ब्रोकली, शिमला मिर्च, टमाटर, स्ट्रॉबेरी में प्रचुर मात्रा में होता है। केफिर, टेम्पेह, योगर्ट आदि फूड्स को फर्मेंट करके बनाया जाता है। मौसम बदलने के दौरान इनका सेवन जरूर करना चाहिए। इनके अंदर हेल्दी बैक्टीरिया होते हैं, जो आपके पाचन को बढ़िया रखते हैं। जब पेट सही रहता है तो आधे से ज्यादा बीमारी अपने आप दूर हो जाती हैं। क्विनोआ, ओट्स, राई, ब्राउन राइस, जौ, ज्वार आदि अनाज साबुत होते हैं। इन्हें रिफाइंड नहीं किया जाता, इसलिए इन्हें खाने से पूरा पोषण मिलता है।

# बारिश ने लगाई मोटोजीपी के क्वालीफाइंग राउंड पर ब्रेक




800 रुपए की टिकट लेकर देख सकते हैं रेस

मोटोजीपी के रेस को देखने के लिए फैंस आधिकारिक वेबसाइट से टिकट खरीद कर देखते सकते हैं। शुरुआती कीमत 800 रुपए है। वहीं इस इवेंट की सबसे महंगी टिकट 40 हजार की है।

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शनिवार को मोटोजीपी के क्वालीफाइड राउंड को बारिश के कारण बीच में ही रोक दिया गया। 23 सितंबर को क्वालीफाइंग एनआर–1 और क्वालीफाइंग एनआर–2 रेस करने वाले थे लेकिन बारिश के कारण इस रेस पर ब्रेक लग गया। ग्रेटर नोएडा के बुद्धा इंटरनेशनल रेसिंग ट्रैक पर आयोजित हो रहे मोटो जीपी रेस के दूसरे दिन बारिश ने रोमांच को खराब कर दिया। शनिवार दोपहर को तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई जिसके कारण रेस को बीच में रोकना पड़ गया। बारिश के कारण रेसिंग ट्रैक पानी भर गया था, ऐसे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को जारी क्वालीफाइंग राउंड के रेस को रोका गया। हालांकि क्वालीफाइंग रेस की शुरुआत सुबह के 9 बजे से ही हो गई थी। क्वालीफाइंग रेस को देखने के लिए भी भारी संख्या में फैंस ग्रेटर नोएडा के बुद्धा इंटरनेशनल रेसिंग ट्रैक पर पहुंचे थे। हालांकि बारिश के कारण फैंस का मजा जरूर किरकिरा हो गया। शनिवार को क्वालीफाइंग राउंड के बाद रविवार को फाइनल रेस होगा। रविवार सुबह 11 बजे वार्मअप होगा और इसके बाद 12.30 बजे से लेकर 4.20 बजे तक तीन रेस होगा।

# सीरीज सील करने इस प्लेइंग 11 के साथ उतरेगी टीम इंडिया

क्रिकेट

## इंदौर में खेला जाएगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा वनडे मैच

सीरीज में 1–0 से आगे है टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मोहाली में मैदान मारने के लिए टीम इंडिया सीरीज के दूसरे वनडे मुकाबले में आज ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। केएल राहुल की कप्तानी में टीम इंडिया की निगाहें सीरीज सील करने पर होंगी। वहीं, कंगारू टीम पहले एकदिवसीय में मिली हार का हिसाब चुकता करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

**बैटिंग लाइनअप में होगा बदलाव?** पहले वनडे में दमदार प्रदर्शन को देखते हुए दूसरे मैच में भारतीय टीम अपने बैटिंग लाइनअप से छेड़छाड़ बिल्कुल नहीं करना चाहेगी। शुभमन गिल और रुतुराज




गायकवाड़ मोहाली में टीम इंडिया को धमाकेदार शुरुआत देने में सफल रहे थे। वहीं, कप्तान केएल राहुल का बल्ला भी जमकर बोला था। सूर्यकुमार यादव ने भी अर्धशतकीय पारी खेली थी।

**गेंदबाजों का रहा था टॉप क्लास प्रदर्शनः** बल्लेबाजों के साथ–साथ टीम इंडिया के गेंदबाज भी पहले वनडे में सुपहिट रहे थे। मोहम्मद शमी ने कहर बरपाते हुए पांच विकेट अपने नाम किए थे। वहीं, बुमराह और अश्विन मिलकर रनों पर लगाम लगाने में सफल रहे थे। हालांकि, शार्दुल ठाकुर पहले मैच में काफी महंगे साबित हुए थे। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि शार्दुल की जगह टीम वॉशिंगटन सुंदर को मौका देती है या नहीं।

**पहले वनडे में मिली धमाकेदार जीतः** टीम इंडिया का प्रदर्शन पहले वनडे में टॉप क्लास रहा था। मोहम्मद शमी के आगे कंगारू बल्लेबाजों की एक नहीं चली थी। शमी ने अकेले ही आधी ऑस्ट्रेलियाई टीम को साफ कर दिया था। वहीं, बल्लेबाजी में भी चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक जमाया था। यही वजह रही कि भारतीय टीम एकतरफा अंदाज में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से पीटने में कामयाब रही थी।

**भारत की संभावित प्लेइंग 11:** रुतुराज गायकवाड़, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी।

# दूसरे वनडे में श्रेयस अय्यर और अश्विन के लिए है गोल्डन चांस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इंदौर। तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद टीम इंडिया आज इंदौर में होने वाले मैच में सीरीज अपने नाम करने मैदान पर उतरेगी। पहले मुकाबले में भारतीय टीम के लिए मोहम्मद शमी ने गेंदबाजी में जबकि शुभमन गिल, रुतुराज गायकवाड़, केएल राहुल और सूर्यकुमार यादव ने अर्धशतकीय पारी खेल थी। हालांकि श्रेयस अय्यर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे।

ऐसे में अय्यर की कोशिश होगी कि वह इंदौर वनडे में कुछ रन अपने नाम पर जोड़ने का प्रयास करेंगे जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बीच के ओवरों में विकेट हासिल करने के लिए बेताब होंगे। कप्तान रोहित शर्मा और विराट

ऑस्ट्रेलिया में स्टार खिलाड़ियों की होगी वापसी

कोहली सहित कुछ प्रमुख खिलाड़ियों के बिना खेल रही भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में आसानी से जीत दर्ज की और वह बड़े स्कोर के लिए मशहूर होलकर स्टेडियम में सीरीज अपने नाम करने की कोशिश करेगी।

बारिश के कारण शहर के तापमान में गिरावट आई है और मोहाली में उमस भरी गर्मी का सामना करने वाले खिलाड़ियों को कर काफी राहत मिली है। पहले वनडे में विशेष कर मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन भारत के लिए सकारात्मक पहलू रहा है लेकिन पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले कुछ सवाल अब भी जवाब की तलाश में हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले भारत के नंबर चार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर विभिन्न कारणों से क्रीज पर पर्याप्त समय नहीं बिता पाए हैं। एशिया कप में पीठ की जकड़न के कारण वह कुछ मैच में नहीं खेल पाए थे जबकि शुक्रवार को पहले वनडे में वह केवल आठ गेंद खेलने के बाद रन आउट हो गए थे। दाएं हाथ का यह बल्लेबाज अगले दोनों वनडे में रन बनाने की कोशिश करेगा जिससे कि विश्व कप से पहले उनका मनोबल बढ़ा रहे।

दूसरी तरफ अश्विन ने अपनी वापसी पर किफायती गेंदबाजी की लेकिन वह ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को परेशान नहीं कर पाए। सपाट विकेट पर वह टर्न हासिल नहीं कर पाए और उनकी सीधी गेंदों को बल्लेबाजों ने आसानी से खेला।

## बीच मैदान शुभमन गिल पर भड़के श्रेयस अय्यर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए पहले वनडे मैच में टीम इंडिया ने आसान जीत दर्ज की। गेंदबाजों का प्रदर्शन उम्दा रहा, तो बल्लेबाजों ने भी खूब रंग जमाया। हालांकि, इंजरी के बाद लौटे श्रेयस अय्यर एकबार फिर बल्ले से बुरी तरह से फ्लॉप रहे। अय्यर 8 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 3 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय टीम के मध्यक्रम बल्लेबाज को रनआउट होकर पवेलियन लौटना पड़ा। रनआउट होने के बाद अय्यर शुभमन गिल पर भड़कते हुए नजर आए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, भारतीय टीम के 24वें ओवर की चौथी गेंद पर श्रेयस अय्यर ने एडम जम्पा की गेंद को कवर्स की तरफ हल्के हाथों से ढकेला और रन लेने के लिए आगे बढ़े। दूसरे छोर पर खड़े शुभमन गिल ने एक कदम आगे की तरफ बढ़ाया और फिर अय्यर को रन लेने से मना किया। हालांकि, गिल की कॉल तक श्रेयस अय्यर क्रीज से काफी आगे निकल आए थे। अय्यर ने अपना विकेट बचाने के लिए डाइव भी लगाई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

## न्यूज डायरी




## भारत की बेटियों ने जीता दिल, टेबल टेनिस में अगले राउंड के लिए किया क्वालिफाइ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगझोऊ। भारतीय महिला टेबल टेनिस टीम ने एशियाई खेल 2023 के ग्रुप–एफ में नेपाल को सीधे गेम में हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया है। दीया पराग चितले, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने नेपाल को ग्रुप–एफ में 3–0 से हराने के लिए शानदार प्रदर्शन किया। दीया पराग चितले ने पहले गेम में सिका श्रेष्ठ को 11–1 से हराकर भारत को शानदार शुरुआत दी। फिर उन्होंने दूसरे गेम में भी अपनी नेपाली प्रतिद्वंद्वी को 11–6 से हरा दिया। अंतिम गेम में चितले ने श्रेष्ठ को 13 मिनट में 11–8 से हराकर भारत को नेपाल पर 1–0 की बढ़त दिला दी। प्रतियोगिता के दूसरे मैच में अयिका मुखर्जी का सामना नबिता श्रेष्ठ से हुआ। मुखर्जी ने वहीं से शुरू किया जहां चिताले ने छोड़ा था। मुखर्जी ने अपना आक्रमण जारी रखा और दूसरे मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी को 11–7 से हराया। उन्होंने नबिता को 11–2 से हराकर भारत को 2–0 की बढ़त दिलाई। सुतीर्था मुखर्जी ने तीसरे में इवाना थापा मगर को पहले गेम में 11–1 से हराया। इसके बाद उन्होंने मगर को 11–5 से हराकर दूसरा गेम आसानी से जीत लिया। सुतीर्था ने 11–2 की आसान जीत के साथ भारत को अगले राउंड में पहुंचा दिया और 3–0 से जीत दिलाई। इससे पहले स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा की अगुवाई वाली महिला टीम को सिंगापुर के खिलाफ जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी थी।

## शमी ने प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद दिया बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मोहाली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच 21 सितंबर शुक्रवार को मोहाली क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में भारतीय टीम का दबदबा देखने को पूरी तरह से मिला। टीम इंडिया ने सीरीज का आगाज जीत के साथ किया। केएल राहुल की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से धूल चटा दी। टीम की इस बड़ी जीत के हीरो मोहम्मद शमी रहे जिन्होंने पंजा खोला। भारतीय टीम के अनुभवी तेज तर्रार गेंदबाज मोहम्मद शमी ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी युनिट की कमर तोड़ दी। उन्होंने 5 विकेट लेकर तहलका मचा दिया। शमी की आग उगलती गेंदों का ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। उन्होंने अपने 10 ओवर के स्पेल में 5.10 की इकॉनमी से गेंदबाजी करते हुए 51 रन देकर 5 विकेट लिए। शमी ने मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ, मैट शॉर्ट, मार्कस स्टोयनिस और सीन एबट का शिकार किया। उन्हें अपने इस गजब के प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से भी नवाजा गया। अवॉर्ड लेने के बाद शमी ने बड़ा बयान भी दिया। मोहम्मद शमी ने प्लेयर ऑफ द मैच बनने के बाद बताया कि 5 में से उनकी सबसे पसंदीदा विकेट स्टार बल्लेबाज मिचेल मार्श की थी। साथ ही उन्होंने अधिक गर्मी में गेंदबाजी करने को लेकर भी बयान दिया।

## सच होगा 100 के पार का नारा! भारतीय खिलाड़ी चीन में गाड़ देंगे तिरंगा झंडा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हांगझोऊ। चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों में भारत अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की आस लगाए हुए है। इस बार सौ पार का नारा दिया गया है। यानी भारत सौ से ज्यादा पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है। भारत ने पांच साल पहले जकार्ता में हुए एशियाई खेलों में 16 गोल्ड सहित 70 पदक जीते थे। इसका मतलब है कि भारतीय खिलाड़ियों के लिए सौ पदकों का आंकड़ा पार करना चुनौतीपूर्ण होगा। हालांकि इस बार एशियाई खेलों में भारत से 68 खिलाड़ी जा रहे हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा दल है। इसलिए पदकों की संख्या में इजाफे की उम्मीद की जा रही है एशियाई खेलों जैसे आयोजन में कुछ ऐसे खिलाड़ी होते हैं, जिनसे स्वर्णिम प्रदर्शन की आस होती है। इस बार ऐसे स्टार खिलाड़ियों में जेवेलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, बॉक्सर निकहत जरीन, पहलवान बजरंग पूनिया, स्टीपलचेजर अविनाश साबले, शटलर सात्विक साईराज–चिराग शेट्टी की जोड़ी, एचएस प्रणय, वेटलिफ्टर मीराबाई चानू और टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना शामिल हैं। नीरज चोपड़ा की तरह इंटरनेशनल लेवल पर कोई अन्य भारतीय एथलीट धाक नहीं जमा सका है। उन्होंने पिछली विश्व चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के साथ अपने नाम एक ऐसा रेकॉर्ड दर्ज कराया, जिसे इससे पहले कोई भारतीय नहीं कर सका था। वह विश्व चौंपियनशिप और ओलिंपिक के साथ डायमंड लीग फाइनल में स्वर्ण पदक जीतने वाले इकलौते भारतीय बने।

श्रीमती पार्वती दास के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग करते हुए सीएम धामी।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### सेना की भूमि पर अवैध अतिक्रमण को अतिक्रमणमुक्त करने के निर्देश

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार में जनपद में सेना की भूमि के सीमांकन एवं कैन्टोमैंट क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियान्वयन एवं शासकीय कार्यों के संचालन तथा सेना एवं प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रस्ताव के सम्बन्ध में सेना एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेना द्वारा उनको आवंटित भूमि के सीमांकन की मांग पर जिलाधिकारी ने सेना के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए अभिलेखीय जांच एवं मौके पर स्थिति का मुआवना कर कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को दिए। छावनी क्षेत्रों के आसपास सेना की भूमि पर अवैध अतिक्रमण पर डीएम ने अतिक्रमण चिन्हित करते हुए भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने के निर्देश दिए।

### सड़क और नालों का काम शुरू करे नगर निगम

**संवाददाता** देहरादून। पूर्व विधायक राजकुमार ने सड़क, नालों और पुलिया का काम शुरू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने इसके लिए नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। पूर्व विधायक ने कहा कि एक माह पहले नगर निगम क्षेत्र में सभी वार्डों के निर्माण कार्य सडक, नाली, नाले एवं पुलिया के लिए टेंडर किए थे। लेकिन अभी तक इन कामों को स्वीकृति नहीं मिल पाई।

### सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड को मिला एनर्जी डेवलपमेंट कॉ.लि. से ऑर्डर

**संवाददाता** देहरादून। सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल), जो बड़े और भारी स्टील स्ट्रक्चर्स के निर्माण में लगने के साथ ही विभिन्न प्रकार के उद्योगों जैसे टेलीकॉम, पावर, रेल्वे और अन्य को कस्टमाइज स्टील स्ट्रक्चर्स और ईपीसी सोल्यूशन प्रदान करती है, कंपनी ने बीएसई को बताया कि उसे एक बड़ा ऑर्डर मिला है।

### यूडीज सॉल्यूशंस ने इंडिया एक्सेलेरेटर के साथ एमओयू साइन किया

**संवाददाता** देहरादून। अहमदाबाद स्थित एक लीडिंग डिजिटल ट्रांसफर्मेशन और टेक्नोलॉजी सर्विसेस प्रोवाइड यूडीज सॉल्यूशंस ने देश के सबसे बड़े स्टार्टअप एक्सेलेरेटर, इंडिया एक्सेलेरेटर के साथ एक एमओयू पर साइन किए हैं, जो एक्सीलेटर के एक्सपेंडिंग ग्लोबल प्रोग्राम से जुड़े 200 से अधिक स्टार्टअप के लिए प्रीफर्ड टेक्नोलॉजी पार्टनर है। अहमदाबाद कार्यालय में एमओयू पर यूडीज सॉल्यूशंस के अध्यक्ष और निदेशक भरत पटेल और इंडिया एक्सेलेरेटर के संस्थापक और सीईओ आशीष भाटिया ने साइन किए।

# नयी शूटिंग डेस्टिनशनों को चिन्हित कर उनको बनाया जाएगा सरल व सुगम: सीएम

**भेंट**

■ सीएम पुष्कर सिंह धामी से अभिनेत्री कृति सेनन व फिल्म निर्माता और लेखिका कनिका ढिल्लन ने की भेंट



**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून में शूट हो रही नेटफ्लिक्स फिल्म्स की 'दो पत्ती' की टीम ने प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री और मुख्य किरदार कर रहीं सुश्री कृति सेनन फिल्म निर्माता और लेखिका कनिका ढिल्लन के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर भेंट की। सुश्री कृति सेनन उत्तराखंड में हो रहे इस शूट को लेकर बहुत उत्साहित हैं।

निर्माता कनिका ढिल्लन ने बताया कि पहले "दो पत्ती" का शूट हिमाचल में होने वाला था और परन्तु बाद में नेटफ्लिक्स की टीम ने उत्तराखण्ड आने का मन बनाया। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड में और भी ऐसे खूबसूरत शूटिंग लोकेशंस हैं जिनको वो अपनी आने वाली फिल्मों में सम्मिलित करेंगी। उनकी रेकी टीम देहरादून के आस पास और भी शूटिंग लोकेशंस को देखने के लिए निकली हुई है। यह शूटिंग राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग एक माह तक चलेगी।

कनिका और कृति सेनन जो कि दोनों ही इस फिल्म में को–प्रोड्यूसर हैं, ने मुख्यमंत्री को बताया कि उत्तराखण्ड में शूटिंग के लिए उन्होंने 20 दिन में अपनी फिल्म प्रोडक्शन टीम को तैयार किया। यह सब उत्तराखण्ड के फिल्म फ्रेंडली वातावरण की वजह से ही हो पाया। उन्होंने बताया उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम के तहत शूटिंग अनुमति मिलना बहुत आसान हो गया है। यहाँ के लोकेशन डेस्टिनेशन फिल्म शूटिंग के लिहाज से बहुत ही अनुरूप भी हैं।

मुख्यमंत्री ने कनिका ढिल्लन और कृति सेनन को इस फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी और बताया कि उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद की नयी फिल्म नीति भी बनकर तैयार है और इस नई नीति में फिल्मों को पहले अधिक अनुदान की राशि को सम्मिलित किया गया है, OTT platform और webseries को भी अनुदान के साथ–साथ अन्य पुरुस्कारों को भी प्रोत्साहन के रूप में सम्मिलित किया गया है। नयी शूटिंग डेस्टिनशनों को भी चिन्हित कर उनको भी शूटिंग के लिए सरल व सुगम बनाया जाएगा उत्तराखंड में और अधिक फिल्मों की शूटिंग हो सके।

नेटफ्लिक्स के मुताबिक, 'दो पत्ती' उत्तर भारत की पहाड़ियों पर आधारित एक मनोरम रहस्य थ्रिलर है। काजोल, जो पहले स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म की फिल्मों 'त्रिभंगा' में अभिनय कर चुकी हैं, ने कहा कि वह एक बार फिर स्ट्रीमर के साथ मिलकर रोमांचित हैं। अभिनेता ने आगे कहा, 'दो पत्ती' की स्क्रिप्ट अद्‌भुत है, जो रोमांच और रहस्य के अनूठे मिश्रण का वादा करती है। कृति सेनन की एक निर्माता के रूप में उनकी पहली फिल्म है।

### सीएम ने श्रीमती पार्वती दास के शपथ ग्रहण समारोह में किया प्रतिभाग

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विधानसभा में बागेश्वर विधानसभा से निर्वाचित प्रत्याशी श्रीमती पार्वती दास के शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिभाग किया। विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण ने श्रीमती पार्वती दास को विधायक पद की शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा की नव निर्वाचित सदस्य श्रीमती पार्वती दास को शुभकामनाएं दी और बागेश्वर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बागेश्वर के इतिहास में पहली बार बागेश्वर की जनता ने महिला प्रत्याशी को अपना विधायक चुना है। बागेश्वर के विकास के लिए स्व. चंदनराम दास द्वारा जिन कार्यों को आगे बढ़ाया गया था, अब इन कार्यों को श्रीमती पार्वती दास तेजी से आगे बढ़ाएंगी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, सौरभ बहुगुणा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट उपस्थित थे।

# चयनित श्रेष्ठ 12 ग्राम पंचायतों को किया गया पुरस्कृत

**सम्मानित**

■अन्य ग्राम पंचायतें भी अच्छा कार्य करने को प्रेरित होंगी: मुख्य विकास अधिकारी



**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान द्वारा शनिवार को विकासभवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 के अन्तर्गत जनपद में जनसंख्या श्रेणी के स्व–मूल्यांकन एवं सहकर्मी सत्यापन के आधार पर चयनित श्रेष्ठ 12 ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित ग्राम प्रधान एवं अधिकारी कर्मचारियों को स्वचछता की शपथ दिलाई। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत इस वर्ष की मुख्य थीम " कचरा मुक्त भारत" को लेकर विगत 02 नवम्बर 2022 से कार्यक्रम गतिमान है जो 02 अक्टूबर 2023 तक संचालित होंगे।

पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने कहा कि आज स्वच्छता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करनी वाली 12 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानो को अवार्ड दिया गया। उनके कहा कि इससे अन्य ग्राम पंचायतें भी अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित होंगी तथा विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करेंगी। उन्होंने कहा जनपद में स्वजल भी विभाग की टीम प्रयास कर रही है, तथा समय पर ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे है तथा विकासखण्डों में कूड़ा उठान हेतु वाहन दिए गए है। उन्होंने अपेक्षा की है आगे भी अच्छा कार्य होगा। इन ग्राम पंचायतों की तर्ज पर अन्य ग्राम पंचायतें भी अच्छा कार्य करने को प्रेरित होंगी।

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान रायगी, रतन सिंह चौहान, ग्राम प्रधान सुजऊ सुनिता जोशी , ग्राम प्रधान चिटटाड़ सुरमा देवी, ग्राम प्रधान झूसो बाकरौ अनिल तोमर, ग्राम प्रधान डाकपत्थर मंजू मोघा, ग्राम प्रधान अंबाड़ी माधुरी, ग्राम प्रधान खदरी खड़कमाफ संगीता, आदि को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2023 का पुरस्कार दिया गया।

### 26 को युवाओं को सरकारी नौकरी को नियुक्ति पत्र किए जाएंगे वितरित

**संवाददाता** देहरादून। सहायक पोस्ट मास्टर जनरल, कार्यालय चीप पोस्टमास्टर जनरल उत्तराखण्ड परिमण्डल ने अवगत कराया है कि कि प्रधानमंत्री द्वारा 26 सितम्बर 2023 को प्रातः 10:30 बजे विभिन्न केन्द्रीय सरकारी विभागों के नव नियुक्तों को वर्चुअल माध्यम से सम्बोधन एवं पूरे भारतवर्ष में विभिन्न परीक्षाओं के माध्यम से चयनित 51000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी हेतु नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में चयनित को नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे. साथ ही प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से नवनियुक्तों से सीधे संवाद भी करेंगे। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में कार्यक्रम का आयोजन सर्वे प्रेक्षागृह, भारतीय सर्वेक्षण विभाग, हाथीबडकला, देहरादून में किया जाना है। इस कार्यक्रम में माननीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री, भारत सरकार कृष्ण पाल जी विशिष्ट अतिथि नामित हैं तथा कार्यक्रम में स्थानीय सांसद एवं विधायक भी उपस्थित रहेंगे।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।